CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 26 ▫ रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98


## उच्च न्यायालय ने पीजी काउंसिलिंग पर लगाई रोक

### चिकित्सा पाठ्यक्रम गड़बड़ी मामला

**बिलासपुर,** 18 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई गई। याचिकाकर्ताओं की तरफ से बताया गया कि वे सेवारत डॉक्टर हैं। 2024 की प्रवेश परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल की है। नियमों के अनुसार सेवारत श्रेणी के तहत पात्रता के लिए 31 जनवरी 2024 तक तीन साल की सेवा पूरी करना अनिवार्य है, लेकिन काउंसिलिंग के दौरान पता चला कि कई अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से सेवारत श्रेणी का लाभ दिया गया है। इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने काउंसिलिंग पर रोक लगा दी है। अब मामले की सुनवाई 25 फरवरी को होगी।



**अगली सुनवाई 25 को**

दरअसल डॉ. यशवंत राव और डॉ. पी राजशेखर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है. इसमें बताया कि उन्हें मेडिकल पीजी में प्रवेश के लिए होने वाली काउंसिलिंग के दौरान पता चला कि कई अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से सेवारत श्रेणी का लाभ दिया गया। अधिकारियों ने सेवा अवधि की गणना कटऑफ तारीख से आगे बढ़ा दी, जिससे अयोग्य उम्मीदवारों को भी पात्र मान लिया गया। उन्होंने विभाग में इस गड़बड़ी की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारियों ने एक निजी उम्मीदवार को सेवारत श्रेणी में प्रमाणित किया है।जांच में सामने आया कि सेवा अवधि की गणना 31 जनवरी 2024 के बाद तक बढ़ा दी गई। यदि कटऑफ तारीख का पालन किया जाता, तो वह उम्मीदवार पात्र नहीं होता। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने भी माना कि शिकायत सही लग रही है। हाई कोर्ट ने पाया कि निजी उम्मीदवार को कटऑफ तारीख के बाद सीट आवंटित की गई। हाईकोर्ट ने काउंसिलिंग पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिया कि यह आदेश केवल व्यक्तिगत रूप से नहीं, बल्कि समान स्थिति वाले सभी उम्मीदवारों पर लागू होगा। महाधिवक्ता को इस आदेश की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने निर्देश दिया गया है।

## भारत सरकार को मिला 307.79 करोड़ का लाभांश

### हुडको का सराहनीय योगदान

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (न्यूज चैनल)। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने हुडको के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी भारत के शहरी परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और सतत् आवास समाधान एवं शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में इसका योगदान सराहनीय है. हुडको की प्रतिबद्धता 'सभी के लिए आवास' और विश्व स्तरीय शहरी बुनियादी ढांचे के सरकार के विजन को साकार करने में सहायक है.



**केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बताया कंपनी के भारत के शहरी विकास में संवेदनशील पहल**

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने यह बात केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 307.79 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश चेक सौंपे जाने पर कही. इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के अलावा अतिरिक्त सचिव एसपी सिंह, हुडको के निदेशक (कॉरपोरेट प्लानिंग) एम. नागराज और निदेशक (वित्त) दलजीत सिंह खत्री भी उपस्थित रहे. केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के गतिशील नेतृत्व में, हुडको ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दिखाया है, जिससे देशभर में आवास और शहरी विकास परियोजनाओं को सतत समर्थन मिलता रहा है. हुडको ने न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास परियोजनाओं के वित्त पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को भी सहयोग दिया है, जिससे शहरी विकास को गति मिली है.

## ग्रामीणों में बवाल, गिनती में जीत-हार के उलट पर आक्रोशित हुए प्रत्याशी

**बालोद,** 18 फरवरी (हाईवे चैनल)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का परिणाम आने के बाद गांव में जमकर विवाद हुआ. वोटों की गिनती में मिस्टेक होने से जीते हुए प्रत्याशी की हार और हारे हुए प्रत्याशी की जीत घोषित करने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया. यह मामला बालोद जिले के कोरगुड़ा गांव का है.जानकारी के मुताबिक, जिस प्रत्याशी को 2 वोट से जीत घोषित किया गया था उसे बाद में चुनाव हार जाने की बात कही गई, जबकि हारे हुए प्रत्याशी को बाद में 8 वोटों से जीत घोषित कर दिया गया. इस मामले को लेकर गांव में विवाद की स्थिति बन गई है. गांव में गहमागहमी का माहौल है. कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो और गांव में शांति बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है.

**पंचायत चुनाव में बवाल**

- गांव में गहमागहमी, पुलिस बल तैनात

## आज आएगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का परिणाम

**रायपुर,** 18 फरवरी (न्यूज चैनल)। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 75.86 प्रतिशत मतदान हुआ. पहले चरण में महिलाओं ने 75.52 प्रतिशत, पुरुषों ने 76.10 प्रतिशत और अन्य ने 7.89 प्रतिशत मतदान किया है. बता दें कि पहले चरण में 53 ब्लॉक में सोमवार को मतदान हुआ. पहले चरण में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के लिए हुए मतदान के परिणाम आज आएंगे. दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी को होगा, जिसका परिणाम 21 फरवरी को आएगा.

## 2 जिला पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस की जीत

**मनेंद्रगढ़,** 18 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल की है. मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के क्षेत्र में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है. यहां कांग्रेस ने अपनी स्थिति को मजबूत किया है. मनेंद्रगढ़ खड़गवां के दोनों जिला पंचायत क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है.

कांग्रेस की ममता सिंह और प्रिया मसराम ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 और 10 से जीत हासिल की है. क्षेत्र क्रमांक 9 से जिला पंचायत अध्यक्ष रही भाजपा समर्थित रेणुका सिंह और क्षेत्र क्रमांक 10 से जनपद अध्यक्ष रही भाजपा समर्थित सोनमति उर्रे को हार का सामना करना पड़ा.

**मंत्री के गढ़ में भाजपा की बड़ी हार**

## ट्रक की चपेट में आए दो युवक एक की जान गई, दूसरा घायल



**रायगढ़,** 18 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले के जुटमिल क्षेत्र में स्थित काशीराम चौक पर मंगलवार को एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार रेत लोड हाईवा ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों युवक अपनी बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वे काशीराम चौक के पास पहुंचे, एक तेज गति से आ रहा हाईवा उन्हें टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान नितेश पाव (पोबिया) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक गोकुल किशन का इलाज जारी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और भारी वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्रीय लोग आक्रोशित हैं और प्रशासन से सड़क सुरक्षा के कड़े उपायों की मांग कर रहे हैं। आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम- हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोग सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई।









CMYK